(i) Printed Pages : 4 Roll No. ................................

(ii) Questions : 9 **Sub. Code : 0 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**1046**

**HINDI (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

**नोट :–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) किन्हीं दो पद्यांशें की सप्रसंग व्याख्या करें :-

(i) पलकों में भर नवल नेह-कन,
प्राणों में पीड़ा की कसकन,
श्वासों में आशा की कम्पन,
सजनि ! मूक बालक मन को फिर आकुल क्रन्दन सिखलाता।

(ii) वे सूने से नयन, नहीं
जिन्में बनते आंसू मोती,
वह प्राणों की सेज, नहीं–
जिसमें बेसुध पीड़ा सोती।

(iii) रूपों में एक अरूप सदा खिलता है,
गोचर में एक अगोचर, अप्रमेय,
अनुभव में एक अतीन्द्रिय,
पुरुषों के हर वैभव में ओझल,
अपौरुषेय मिलता है।

(iv) कोई अनजान उँगलियां इन पर तैर- तैर
सबमें संगीत जगा देतीं अपने-अपने
गुँथ जाते हैं ये सभी एक मीठी लय में
यह कामकाज, संघर्ष, विरस कड़वी बातें,
ये फूल, मोमबत्तियाँ और टूटे सपने। 5×2=10

(ख) महादेवी वर्मा का संक्षिप्त परिचय दें।

**अथवा**

'फूल, मोमबत्तियाँ, सपने, शीर्षक कविता का सार अपने शब्दों में लिखें। 8

2. 'मैत्री' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

**अथवा**

विश्वनाथ की चारित्रिक विशेषताएं स्पष्ट करें। 8

3. भारतेन्दु युग की प्रमुख विशेषताओं को उद्‌घाटित करें।

**अथवा**

प्रगतिवाद की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन करें। 10

4. किन्हीं **पाँच** टिप्पणियों का हिन्दी रूप लिखें :-

(i) Acknowledge receipt of this
(ii) Agenda of the meeting is put up
(iii) Approved as proposed
(iv) Await Reply
(v) Comply with the orders
(vi) Copy is enclosed
(vii) Delay should be avoided
(viii) Expedite Action
(ix) Kindly confirm
(x) Specific reason may be given. 10

5. एकांकी के तत्वों का सविस्तार वर्णन करें।

**अथवा**

एकांकी के प्रमुख भेदों का उल्लेख करें। 10

6. निम्नलिखित गद्यांश का सार लिखे एवं उचित शीर्षक भी दें :-

भाषा राष्ट्र की एकता का प्रधान वाहन है। भाषा की सहायता के बिना हम निकटस्थ व्यक्ति को भी नहीं बुला सकते, किन्तु भाषा ही एकमात्र साधन नहीं है, जो राष्ट्र में एकता रखता हो। अत: हमें भाषा की साधना करते समय अन्य साधनों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। भाषा की आवाज़ उठाते समय प्रादेशिकता और साम्प्रदायिकता की भावना से हमें बचना चाहिए। अच्छा तो यह होगा कि हम भाषा को कल्याण-साधन करने वाली माता के समान समझें। जिस प्रकार गृह-परिवार के जीवन में माता कल्याण की स्थापना करती है, वैसे ही भाषा भी हमको मिलाती है। जिस प्रकार सच्ची माता सन्तानों के भेद-विभेद को दूर किए बिना नहीं रह सकती, उसी प्रकार सच्ची राष्ट्रभाषा और सच्चा साहित्य भी अपनी सन्तान का भेद-विभेद दूर किए बिना नहीं रह सकता। 8

7. किसी **एक** विषय को विस्तार दें :-

(i) परोपकार

(ii) नौ नकद न तेरह उधार

(iii) सदाचार। 8

8. पंजाब सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव की ओर से राज्य के समस्त जिलाधीशों को पत्र लिखें जिसमें राज्य में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हों।

**अथवा**

भारत सरकार के गृह मन्त्रालय के सचिव की ओर से बिहार सरकार के प्रमुख सचिव को पत्र लिखें जिसमें राज्य की बिगड़ती हुई कानून-व्यवस्था पर चिन्ता व्यक्त की गई हो। 8

9. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें :-

(i) महादेवी वर्मा की तीन काव्य कृतियों के नाम लिखें।

(ii) 'निभृत मिलन' किस कवि की रचना है ?

(iii) 'यह मन्दिर का दीप' कविता महादेवी की किस काव्य-रचना में संकलित है ?

(iv) महादेवी वर्मा स्वयं को क्यों मिटाना चाहती है ?

(v) 'मेंढ़ तोड़ दी' एकांकी के लेखक का नाम लिखें।

(vi) रघुनाथ किस एकांकी का पात्र है ?

(vii) 'संकलनत्रय' का अर्थ स्पष्ट करें।

(viii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की तीन कृतियों के नाम लिखें।

(ix) 'सरस्वती' पत्रिका का संपादक कौन है ?

(x) प्रगतिवाद के चार कवियों के नाम लिखें।

(xi) पैत का पूरा नाम लिखें।

(xii) 'सो रहा है झोंप' कविता में किसका मानवीकरण किया है ?

(xiii) 'तार सप्तक' का संपादक कौन है ?

(xiv) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है ?

(xv) 'अज्ञेय' किस काव्य-धारा के कवि हैं ? 10